**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्र, आज लाला लाजपत राय की 160वीं जयंती पर उनको याद कर रहा है।मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी की चोट, ब्रिटिश सरकार के ताबूत की कील बनेगी। यह कहना था स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा लाला लाजपत राय का। स्वदेशी आंदोलन के ध्वजवाहक लाला लाजपत राय का जन्म आज ही के दिन 1865 में ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के तत्कालीन फरीदकोट जिले के ढुडीके में हुआ था। पंजाब केसरी के रूप में प्रसिद्ध लाला लाजपत राय का अक्टूबर 1928 में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से निधन हो गया। पुलिस ने तब लाठीचार्ज किया जब वे साइमन कमीशन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध का नेतृत्व कर रहे थे।

*****************************************************************

पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन कल से होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह का शुभारंभ करेंगे। करेगी। इस 7 दिवसीय महोत्सव के दौरान से 2 फरवरी तक मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा  तीर्थ स्थल पर 4 फरवरी तक सरस मेले का आयोजन भी किया जाएगा।बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से इस वर्ष महोत्सव पर आदि बद्री से लेकर रन आफ कच्छ तक सरस्वती नदी के मार्ग पर आने वाले सभी ऐतिहासिक तीर्थों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज आदि बद्री उद्गम स्थल से होगा।उन्होंने बताया कि भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक सरस्वती नदी पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में देश भर के शोधकर्ता और वैज्ञानिक, सरस्वती पर शोध

करने वाले विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक भाग लेंगे। श्री धुमन सिंह ने तैयारियों को लेकर बताया -

उन्होंने बताया कि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों के समापन पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भाग लेंगे और उसी दिन शाम को दीप दान कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा शिरकत करेंगे।

****************************************************************

हरियाणा के वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि अगले छह महीने में हरियाणा के अरावली क्षेत्र में करीब 10,000 एकड़ में जंगल सफारी की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जंगल सफारी स्थापित करना प्रधानमंत्री की आकांक्षा है।वन एवं वन्यजीव मंत्री कल रोहतक चिड़ियाघर में शेर के शावक के नामकरण समारोह में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने इलेक्ट्रिक गाड़ी पर सवार होकर चिड़ियाघर का भ्रमण किया और चिड़ियाघर में रखे गए पशु-पक्षियों का अवलोकन किया. उन्होंने चिड़ियाघर के अधिकारियों को एक सफेद तोता लाने का निर्देश दिया, जिसे उन्होंने मॉरीशस की घाटी में देखा था।उन्होंने एशियाई शेर के सात शावकों में से चार के नाम रखे, जिनमें तीन नर और चार मादा शामिल हैं। उन्होंने नर शावक का नाम **चैतन्य** और **वीरू** रखा और तीसरे नर शावक का नाम **संजू** रखा। उन्होंने दो मादा शावकों का नाम **दीया** और **नव्या** रखा है। एक मादा शावक का नाम उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने रखा । उन्होंने उसे **चंचल नाम** दिया । चौथी मादा शावक का नाम **अन्नू** रखा गया। मंत्री ने चिड़ियाघर परिसर में पौधे भी लगाए।

****************************************************************

पंचकूला के श्री माता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में कल वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या रीटा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में ताइक्वांडो के अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट जतिन बिश्नोई ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ।इस दौरान लड़कों व लड़कियों की 400, 200, 100 मीटर दौड़, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता करवाई गई।सभी विजेताओं को पदक , प्रमाण पत्र व नकद राशि दे कर सम्मानित किया गया।

*****************************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया है कि बीजेपी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मियों के साथ वादाखिलाफी की है। बीजेपी ने चुनाव से पहले सवा लाख अस्थाई कर्मियों को नियमित करने का ऐलान किया था। लेकिन उन्हें नौकरी से निकलना शुरू कर दिया है।